# हॉकी विश्वकप विजेताओं के नाम, आयोजन वर्ष एवं मेजबान देशों की सूची (1971 से 2018 तक)

**हॉकी विश्वकप विजेताओं की सूची:**

हॉकी विश्व कप एक अंतर्राष्ट्रीय मैदानी हॉकी प्रतियोगिता है जिसे अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफ.आई.एच) द्वारा संचालित किया जाता है। हॉकी विश्व कप प्रतियोगिता की शुरुआत 1971 में हुए थी। पहली दो प्रतियोगिता 2 वर्षों के अंतराल से आयोजित की गयीं, परन्तु बाद में इस अंतराल को चार वर्ष कर दिया गया। अतः अब इस प्रतियोगिता को 1975 के पश्चात से प्रति चार वर्षों में आयोजित किया जाता है।

**हॉकी से सम्बंधित महत्वपूर्ण तथ्य:**

- किसी एक विश्व कप में सबसे ज़्यादा गोल का रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम है। उसने 1982 में मुंबई में हुए विश्व कप में 38 गोल किए थे। ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप में 51 मैच जीते हैं, जो की एक विश्व कीर्तिमान है।
- हॉकी विश्वकप में अभी तक २४ टीमें प्रतिभागी बनी हैं इनमें से केवल जर्मनी, भारत, नीदरलैंड और स्पेन ने प्रत्येक विश्वकप में हिस्सा लिया है।
- सबसे ज्यादा बार विश्वकप पाकिस्तान ने (चार बार) जीता है।
- भारत ने केवल एक विश्वकप वर्ष 1975 में जीता था।
- भारतीय हॉकी खिलाडी मेजर ध्यानचंद को “हॉकी का जादूगर” कहा जाता है।
- भारत ने वर्ष 1928 ई. ओलम्पिक खेलों में हॉकी का पहला स्वर्ण पदक जीता था।
- हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल है।
- भारत ने अंतिम बार ओलंपिक खेलों में हॉकी का स्वर्ण पदक वर्ष 1980 में मॉस्को में जीता था।

**2018 हॉकी विश्वकप (पुरुष):**

पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप 2018 का आयोजन 28 नवंबर से 16 दिसम्बर 2018 के बीच भारतीय राज्य ओड़िशा की राजधानी भुवनेश्वर में किया था। यह हॉकी विश्वकप का 14वां संस्करण था और इस वर्ष पुरुष व महिला दोनों वर्गों में कुल 16-16 टीमों ने भाग लिया था। ओलम्पिक रजत विजेता बेल्जियम ने तीन बार के चैंपियन हॉलैंड को 16 दिसम्बर 2018 को खेले गए बेहद रोमांचक शूट आउट में 3-2 से हराकर पहली बार हॉकी विश्व कप टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। निर्धारित समय में मुकाबला गोल रहित रहने के बाद शूट आउट का सहारा लिया गया,

जिसमें दोनों टीमें 2-2 से बराबर रहीं और सडन डेथ में बेल्जियम ने बाजी मारकर पहली बार विश्व विजेता होने का गौरव हासिल कर लिया।

**हॉकी विश्वकप विजेताओं की सूची:**

| **वर्ष** | **विजेता** | **मेजबान** |
|---|---|---|
| 2018 | बेल्जियम | ओड़िशा, भारत |
| 2014 | ऑस्ट्रेलिया | हेग, नीदरलैंड |
| 2010 | ऑस्ट्रेलिया | नई दिल्ली, भारत |
| 2006 | जर्मनी | मोंचेनग्लाडबाच, जर्मनी |
| 2002 | जर्मनी | कुआलालम्पुर, मलेशिया |
| 1998 | नीदरलैंड | उट्रेच,नीदरलैंड |
| 1994 | पाकिस्तान | सिडनी, ऑस्ट्रेलिया |
| 1990 | नीदरलैंड | लाहौर, पाकिस्तान |
| 1986 | ऑस्ट्रेलिया | लंदन, इंग्लैंड |
| 1982 | पाकिस्तान | मुंबई, भारत |
| 1978 | पाकिस्तान | ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना |
| 1975 | भारत | कुआलालम्पुर, मलेशिया |
| 1973 | नीदरलैंड | आम्सटलवेन, नीदरलैंड |
| 1971 | पाकिस्तान | बार्सिलोना, स्पेन |